Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Series SHC**

**Code No.** कोड नं. **61/1**

- Please check that this question paper contains 8 printed pages + 3 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains 23 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8+3 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# HISTORY
# इतिहास

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

***General Instuctions :***

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*
*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*
*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*
*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*
*(v) Attach the maps with the answer scripts.*
*(vi) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*
*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*
*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*
*(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*
*(vi) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

## MODERN INDIA
## आधुनिक भारत

**1.** Explain one main consequence of the Battle of Buxar (1764) on the Mughals in India. 2

बक्सर की लड़ाई (1764) से भारत में मुगलों पर पड़े एक प्रमुख परिणाम की व्याख्या कीजिए।

2. Explain any one reason for the Partition of Bengal in 1905. 2

1905 में बंगाल के विभाजन का कोई एक कारण स्पष्ट कीजिए।

3. What is meant by 'equality before law' as enshrined in the Indian Constitution ? 2

भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित 'कानून के समक्ष समानता' कथन का क्या आशय है?

4. In what way did the attitude of racial superiority of the British contribute to the Revolt of 1857 ? Mention any three other causes of the Revolt. 2+3=5

**OR**

Who were the Sepoys during the Company's rule ? What were the main causes of their revolt in 1857 ? 2+3=5

1857 के विद्रोह में अंग्रेज़ों के जातीय श्रेष्ठता के दृष्टिकोण ने किस प्रकार योगदान दिया? विद्रोह के किन्हीं तीन अन्य कारणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कंपनी शासन के दौरान सिपाही कौन थे? 1857 में उनके विद्रोह के प्रमुख कारण क्या थे?

5. Explain three main features of the Councils Act of 1861. State whether the Act represented the Indian opinion or not. Give two points. 3+2=5

**OR**

Why was the Treaty of Yandabo signed ? Explain three main provisions of the treaty. 2+3=5

1861 के काउंसिल अधिनियम (काउंसिल्स ऐक्ट) की तीन प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। लिखिए कि क्या यह अधिनियम भारतीय जनमत का प्रतिनिधित्व करता था या नहीं। दो बिन्दु दीजिए।

**अथवा**

यंदाबो की संधि पर क्यों हस्ताक्षर किए गए? इस संधि के तीन प्रमुख प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए।

6. When and by whom was the Brahmo Sabha founded ? Explain any three ideas of the Sabha. 2+3=5

**OR**

When and by whom was the Theosophical Society started in India ? Explain three main objectives of the Society. 2+3=5

ब्रह्म सभा की स्थापना कब और किसके द्वारा की गई? इस सभा के किन्हीं तीन विचारों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना कब और किसके द्वारा की गई? सोसाइटी के तीन प्रमुख उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

7. Critically examine the reasons for the change in the British attitude towards India after the Second World War. Explain two main developments which reflected this attitude. that it is neither a king nor a heart. 3+2=5

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत के प्रति इंग्लैंड के रवैये में आए परिवर्तन के कारणों की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए। ऐसी दो मुख्य घटनाक्रमों की व्याख्या कीजिए जिनमें यह रवैया झलकता हो।

8. Analyse the developments which led to the passing of the 'Purna Swaraj' resolution by the Congress. 5

उन घटनाक्रमों का विश्लेषण कीजिए जो कांग्रेस द्वारा 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित करने का कारण बने।

9. When was the French East India Company founded ? Describe its relations with Karnataka and Hyderabad. Mention any three reasons which prevented its growth in India. 1+4+3=8

**OR**

Briefly describe the main features of the British economic policy in India during the Company's rule. When and after which specific development did the Company's rule come to an end ? 5+1+2=8

फ्रांस की ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई? कर्नाटक और हैदराबाद के साथ उसके संबंधों का वर्णन कीजिए। भारत में इसका विकास अवरुद्ध करने वाले किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कंपनी शासन के दौरान भारत में ब्रिटिश आर्थिक नीति की प्रमुख विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए। कब और किस विशिष्ट घटनाक्रम के बाद कंपनी शासन की समाप्ति हुई?

10. Explain the growth of communalism in India during the first half of the 20th century and examine the efforts of the nationalist movement to check it. 6+2=8

**OR**

Explain the contribution of the 'Rediscovery of India's Past' to the rise of nationalism in the late 19th century. Examine any one shortcoming of such a rediscovery of the past. 6+2=8

बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में भारत में सांप्रदायिकता की वृद्धि को स्पष्ट कीजिए और इसे रोकने के लिए राष्ट्रवादी आंदोलन के प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में राष्ट्रवाद के उदय में 'भारत के अतीत की पुनः खोज' की भूमिका की व्याख्या कीजिए। अतीत की ऐसी पुनः खोज की किसी एक कमज़ोरी की समीक्षा कीजिए।

11. When and by whom was the Champaran Satyagraha launched ? Explain where did Gandhiji initially evolve the principle of Satyagraha. Mention two achievements of the Champaran Satyagraha. 2+4+2=8

**OR**

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

"…. the immediate ending of British rule in India is an urgent necessity, both for the sake of India and for the success of the cause of United Nations …. India, the classic land of modern imperialism, has become the crux of the question, for by the freedom of India, will Britain and United Nations be judged, and the people of Asia

and Africa be filled with hope and enthusiasm. The ending of British rule in this country is thus a vital and immediate issue on which depends the future of the war and the success of freedom and democracy.”

(i) Mention the context in which this resolution was passed.

(ii) In what way would the ending of British rule in India further the cause of United Nations ?

(iii) Explain how Britain could be judged by giving freedom to India, as stated in the resolution. 2+3+3=8

चंपारण सत्याग्रह कब और किसने प्रारंभ किया? स्पष्ट कीजिए कि गांधीजी ने सत्याग्रह का सिद्धांत सर्वप्रथम कहाँ विकसित किया था। चंपारण सत्याग्रह की दो उपब्धियों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित अनुच्छेद को सावधानी से पढ़िए और उसके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

‘‘... भारत में ब्रिटिश शासन की समाप्ति की तत्काल आवश्यकता है - भारत के लिए और संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों क सफलता के लिए भी ... भारत, जो कि आधुनिक उपनिवेशवाद का प्रतिष्ठित उदाहरण है, इस प्रश्न का मर्म बन चुका है, क्योंकि भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद ही ब्रिटेन और संयुक्त राष्ट्र संघ्ञ को परखा जाएगा और एशिया और अफ्रीका के लोग आशा और उत्साह से भर उठेंगे। इसलिए इस देश में ब्रिटिश शासन की समाप्ति एक महत्त्वपूर्ण और तात्कालिक मुद्दा बन गया है जिस पर युद्ध का भविष्य और स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र की सफलता निर्भर है।’’

(i) उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिसमें उक्त प्रस्ताव पारित किया था।

(ii) भारत में ब्रिटिश शासन की समाप्ति से संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों की पूर्ति कैसे हो सकती थी?

(iii) उक्त प्रस्ताव के उल्लेख के अनुसार भारत को स्वतंत्रता दिए जाने से ब्रिटेन को कैसे परखा जा सकता था? स्पष्ट कीजिए।

**12.** On the political outline map of **India** (on page 9) mark and name the following centres of the freedom movement : 5

(12.1) Lucknow

(12.2) Surat

(12.3) Champaran

(12.4) Dandi

(12.5) Nagpur

**OR**

On the political outline map of **India** (on page 9) mark the extent of British empire in 1805, with any two of its important centres.

**भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर स्वतंत्रता आन्दोलन के निम्नलिखित केन्द्रों को अंकित कर उनके नाम भी लिखिए :

(12.1) लखनऊ

(12.2) सूरत

(12.3) चंपारण

(12.4) डांडी

(12.5) नागपुर

**अथवा**

**भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर 1805 में ब्रिटिश साम्राज्य की सीमाएँ उसके किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण केन्द्रों सहित अंकित कर उनके नाम लिखिए।

***Note :*** *The following question is only for the Blind Candidates in lieu of Q. No. 12.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 12 के स्थान पर है।*

Mention any five important centres of the freedom movement in India.

**OR**

Mention the methods adopted by Lord Wellesley to expand the British power in India.

भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के किन्हीं पाँच महत्त्वपूर्ण केन्द्रों के नाम लिखिए।

**अथवा**

भारत में अंग्रेज़ों के अधिकारों में वृद्धि के लिए लॉर्ड वेलेज़ली द्वारा अपनाए गए तरीकों का उल्लेख कीजिए।

## CONTEMPORARY WORLD HISTORY
## समकालीन विश्व इतिहास

**13.** Give two examples to show how Germany had been humiliated at the Paris Peace Conference. 2

दो उदाहरण देकर बताइए कि पेरिस शांति सम्मेलन में जर्मनी को किस प्रकार अपमानित किया गया था।

**14.** What was referred to as the 'Vichy France' during the Second World War ? 2

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 'विची फ्रांस' किसे कहा जाता था ?

**15.** Mention any two leading nations of the Non-Aligned Movement. Mention the Super-power which was supportive of the NAM during the Cold War period. 2

गुट-निरपेक्ष आंदोलन के किन्हीं दो अग्रणी राष्ट्रों के नाम लिखिए। उस महाशक्ति का नाम भी लिखिए जिसने शीत युद्ध काल में इस आंदोलन का समर्थन किया था।

**16.** Mention any two significant findings of the Biological Sciences in the 19th century. 2

**OR**

Who was the first Asian to get the Nobel Prize in Literature ? Mention any one of his major works. 2

उन्नीसववीं शताब्दी में जैव विज्ञानों के क्षेत्र की किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला एशियाई कौन था? उसकी प्रमुख कृतियों में से किसी एक का नाम लिखिए।

**17.** Who was Dostoevsky ? Mention any one of his major works. 2

**OR**

Mention any two diseases which could be controlled in the Contemporary period.

दॉस्तोव्स्की कौन था? उसकी प्रमुख कृतियों में से किसी एक का नाम लिखिए।

**अथवा**

किन्हीं दो ऐसे रोगों का उल्लेख कीजिए जिन पर आधुनिक युग में नियंत्रण संभव है।

**18.** Mention two main features of the Second Industrial Revolution. 2

**OR**

Mention any distinct feature of the Bengal School of Art. Mention any one main propounder of this school.

द्वितीय औद्योगिक क्रांति की दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कला की बंगाल शैली की किसी प्रमुख विशेषता का उल्लेख कीजिए। इस शैली के किसी एक प्रमुख प्रस्तुतकर्ता का नाम भी लिखिए।

**19.** Why is it argued that the world got integrated in the Contemporary period ? Explain two developments in support of this argument. 3+2=5

**OR**

Explain three main causes for the rise of the USA as an industrial power in the last quarter of the $19^{th}$ century. Give two examples to show this rise.

यह तर्क क्यों दिया जाता है कि आधुनिक युग में विश्व एकीकृत हो गया है? इस तर्क के समर्थन में दो घटनाक्रमों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

उन्नीसवीं सदी के अंतिम चतुर्थांश (लास्ट क्वार्टर) में संयुक्त राज्य अमेरिका के एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरने के तीन प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। इस उत्थान को व्यक्त करने के लिए दो उदाहरण दीजिए।

**20.** Why was the Munich Pact signed ? Explain three main consequences of the Pact. 2+3=5

**OR**

Explain three main features of the Nationalist Movement in Egypt during the inter-World War period. Examine the attitude of the king towards the movement. 3+2=5

म्यूनिख समझौते पर क्यों हस्ताक्षर किए गए? इस समझौते के तीन प्रमुख परिणामों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

दोनों विश्व युद्धों के बीच के काल में मिस्र के राष्ट्रवादी आंदोलन की तीन प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। इस आंदोलन के प्रति राजा के दृष्टिकोण की समीक्षा कीजिए।

**21.** Explain three main consequences of the Vietnam War. Mention two foreign powers directly involved in the war. 3+2=5

वियतनाम युद्ध के तीन प्रमुख परिणामों को स्पष्ट कीजिए। इस युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से उलझी दो विदेशी शक्तियों के नाम लिखिए।

**22.** When did the Second World War really become a 'global war' ? Explain any three incidents which made it so. Explain the impact of the global war on Nazi Germany and its allies. 1+3+4=8

**OR**

What was referred to as the USSR in Contemporary history ? Explain its significance during the Post-World War period. When did the USSR disintegrate ? 2+5+1=8

द्वितीय विश्व युद्ध वस्तुतः कब 'सार्वभौमिक युद्ध' बन गया? इसे ऐसा बनाने वाली किन्हीं तीन घटनाओं की व्याख्या कीजिए। नाज़ियों की जर्मनी और उसके मित्र राष्ट्रों पर इस सार्वभौमिक युद्ध के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

समकालीन इतिहास में यू.एस.एस.आर. (USSR) किसे कहा जाता है? विश्व युद्ध के बाद के काल में इसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। यू.एस.एस.आर. का विघटन कब हुआ?

**23.** On the political outline map of **Asia** (on page 11), mark and name one colony of the Dutch and two each of Britain and France in 1914. 5

**OR**

On the political outline map of **Africa** (on page 12) mark and name any three countries which achieved independence in 1960 and any two countries which achieved independence in 1961.

**एशिया** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) पर 1914 में एक डच उपनिवेश तथा ब्रिटेन और फ्रांस के दो-दो उपनिवेशों को अंकित कर उनके नाम लिखिए।

**अथवा**

**अफ्रीका** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) 1960 में स्वतंत्रता पाने वाले किन्हीं तीन देशों तथा 1961 में स्वतंत्रता पाने वाले किन्हीं दो देशों को अंकित कर उनके नाम लिखिए।

***Note :*** *The following question is only for the Blind Candidates in lieu of Q. No. 23.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्र. सं. 23 के स्थान पर है।*

Mention any one Dutch Colony, two colonies of Britain and two of France in Asia in 1914.

**OR**


Mention three countries which achieved independence in 1960 and two countries which achieved independence in 1961 in Africa.

एशिया में 1914 में एक डच उपनिवेश तथा ब्रिटेन और फ्रांस के दो-दो उपनिवेशों के नाम लिखिए।


**अथवा**

1960 में स्वतंत्रता पाने वाले तीन अफ्रीकी देशों तथा 1961 में स्वतंत्रता पाने वाले दो अफ्रीकी देशों के नाम लिखिए।

For question no. 12 प्रश्न सं. 12 के लिए



For question no. 23 प्रश्न सं. 23 के लिए



For question no. 23 (**OR**) प्रश्न सं. 23 के लिए (**अथवा**)

